**UPRB010031932026**

**न्यायालय सत्र न्यायाधीश, रायबरेली।**

**पीठासीन अधिकारी–** (AMIT PAL SINGH), **(उच्चतर न्यायिक सेवा ) – UP05691**

**दांडिक प्रकीर्ण वाद संख्या 677/2026**

हरिकेश शर्मा पुत्र भोला आयु 21 वर्ष निवासी ग्राम गंगा खेड़ा थाना खीरों, जनपद रायबरेली।

**……….. प्रार्थी**

बनाम

राज्य उ0प्र0

**………. विपक्षी**

<u>12.06.2026</u>

पुकारा गया। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता को प्रार्थना पत्र 3क अंतर्गत धारा 408 दण्ड प्रक्रिया संहिता पर सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थना पत्र 3क मय शपथ पत्र 4ख इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि सत्र परीक्षण संख्या 1681/2023 राज्य प्रति हरिकेश शर्मा अंतर्गत धारा 366, 363, 376 भारतीय दण्ड संहिता व धारा 3 (2) II SC ST Act I ¾ पाक्सो एक्ट न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पाक्सो द्वितीय रायबरेली में विचाराधीन है तथा इसी से सम्बन्धित प्रकीर्ण वाद संख्या 939/2024 हरिकेश शर्मा बनाम माधुरी आदि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पाक्सो प्रथम रायबरेली में अभियुक्त को बाल अपचारी घोषित किये जाने हेतु विचाराधीन है। प्रार्थी द्वारा उक्त दोनों वादों को एक साथ सुनवाई किये जाने हेतु किसी एक न्यायालय में स्थानांतरित किये जान की प्रार्थना की गयी है।

संदर्भित प्रकीर्ण वाद उक्त सत्र वाद के अभियुक्त को बाल अपचारी घोषित किये जाने के सम्बन्ध में योजित किया जाना बताया गया है। अतः न्यायहित में दोनों वादों को, एक ही न्यायालय द्वारा सुनवाई किये जाने के उद्देश्य से प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रार्थना पत्र 3क अंतर्गत धारा 408 दण्ड प्रक्रिया संहिता स्वीकार किया जाता है। तदानुसार प्रकीर्ण वाद संख्या 939/2024 हरिकेश शर्मा बनाम माधुरी आदि न्यायालय अपर

सत्र न्यायाधीश/पाक्सो प्रथम रायबरेली से वापस लेकर विधि अनुसार सुनवाई एवं निस्तारण हेतु न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पाक्सो द्वितीय रायबरेली में स्थानांतरित किया जाता है।

(अमित पाल सिंह )
**I.D. No. UP05691**
सत्र न्यायाधीश,
रायबरेली।
**12.06.2026**

**Sripal Singh**
**Stenographer**

Digitally signed by AMIT PAL SINGH
Date: 2026.06.19 13:35:33 IST
Reason: Order
Location: District and Sessions Court Raebareli